पंजीकृत कार्यालय : टीसी–43 / वी, विभूति खंड, गोमती नगर,लखनऊ, उत्तर प्रदेश – 226 010 (भारत)

बीएसयूएल एवं संपर्क कार्यालय, लखनऊ में 52वां एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बीएसयूएल एवं संपर्क कार्यालय, लखनऊ में 52वां एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह दिनांक 07 नवंबर, 2026 को पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यालय परिसर में मुख्य अतिथि के आगमन पर श्री आबिद अली सिद्दीकी, मुख्य वित्तीय अधिकारी, बीएसयूएल एवं श्री विमल कुमार शर्मा, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत **'वंदे मातरम्'** के सामूहिक गायन से हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि श्री ओंकार यादव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी/महाप्रबंधक (विद्युत) द्वारा कार्यालय परिसर में एनएचपीसी ध्वजारोहण किया गया तथा तत्पश्चात एनएचपीसी गीत का सामूहिक गायन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बीएसयूएल एवं एनएचपीसी के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों को एनएचपीसी के 52वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में स्थापित एनएचपीसी ने अपनी उत्कृष्ट कार्यक्षमता, तकनीकी दक्षता तथा कर्मचारियों के अथक परिश्रम के बल पर देश के विद्युत क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। जल विद्युत के साथ-साथ सौर ऊर्जा एवं अन्य स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में भी एनएचपीसी निरंतर प्रगति कर रही है तथा देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, मेहनत तथा समर्पण की सराहना करते हुए कार्यस्थल पर बेहतर कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानकों के अनुपालन एवं नवीनतम तकनीकों को अपनाने पर विशेष बल दिया।

समारोह के दौरान एनएचपीसी की गौरवशाली उपलब्धियों एवं राष्ट्र निर्माण में उसके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का समापन संगठन की निरंतर प्रगति, उत्कृष्टता एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान के प्रति सामूहिक संकल्प तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इसके उपरांत निगम मुख्यालय में एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा किए गए ध्वजारोहण समारोह तथा उनके संदेश का सम्मेलन कक्ष में लाइव वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम की झलकियाँ निम्नवत


realme 9 Pro 5G
2026.11.07 10:11




NHPC Limited
Harnessing Growth from Nature
7 नवंबर 2026


स्थापना दिवस
realme 9 Pro 5G
2026.11.07 10:13


स्थापना दिवस
7 नवंबर, 2026
realme 9 Pro 5G
2026.11.07 10:16


NHPC Limited
52
स्थापना दिवस


52वां
एनएचपीसी
स्थापना दिवस
7 नवंबर, 2026
realme 9 Pro 5G
2026.11.07 10:39